Regarding completion of pending projects pertaining to flood control and revival of North Koyal River

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : सभापति महोदय, सरकार ने माननीय पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर अनेकों योजनाएं चला रखी हैं, जबकि पूर्व प्रधान मंत्री जी का एक बहुत बड़ा सपना था कि देश की समस्त नदियों को आपस में जोड़ा जाए, जिससे देश में उत्पन्न हुए जल संकट एवं बाढ़ की समस्याओं से निजात पाई जा सके।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री व सरकार से मांग है कि माननीय पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी जी के ही नाम से कोई विशेष परियोजना बनाकर शीघ्र बाढ़ नियंत्रण का काम शुरू किया जाए व बिहार में अधूरी पड़ी योजनाओं की समीक्षा कर पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।

माननीय सभापति, मैं अवगत कराना चाहूंगा कि बिहार में मुख्य जल योजना, उत्तर कोयल जल परियोजना, मंडल डैम, हडियाही डैम, हाइलेबल सॉन कैनाल, जो कि गाद से भरी हुई है, ये सभी परियोजनाएं आधी-अधूरी अवस्था में पड़ी हुई हैं।

मेरी मांग है कि जनहित में इन तमाम योजनाओं को पूर्ण कराया जाए। उत्तर कोयल नहर का तकरीबन 2,350 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। उसमें जीरो से 109 किलोमीटर तक नहर के समानांतर एक साइड के ऊपरी भाग पर अगर पक्की सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा तो आने वाले समय में उसे मजबूती भी मिलेगी और वर्षाकालीन दिनों बांध के रख-रखाव एवं मरम्मत के कार्य में विभाग को आसानी भी होगी।

मेरा आपसे यह आग्रह है कि यह जो काम चल रहा है, उसकी गुणवत्ता की जांच कमेटी बनाकर करवा ली जाए।